कार्यालय : जिला एवं सेशन न्यायाधीश, दौसा

क्रमांकः लेखा/2023–24/992 दिनांकः– 30.01.2024

सीमित निविदा सूचना

दौसा न्याय क्षेत्र के अधीनस्थ न्यायालय महवा न्यायालय परिसर हेतु निम्न अनुसार आर. ओ. प्लान्ट केपेसिटी 500 लीटर प्रति घण्टा स्थापित करने हेतु सुविख्यात डीलर/विपणन एजेन्ट/उप वितरकों/एक मात्र वितरकों /लघु उद्योग इकाई से क्रय की जानी है । इच्छुक निविदादाताओं से उक्त क्रय के क्रम में बन्द लिफाफे में प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है । कार्यालय लेखा–शाखा में दिनांक 16-02-2024 समय 2.00 PM बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते है । प्राप्त निविदा प्रस्ताव दिनांक 16-02-2024 को दोपहर 4.30 PM बजे निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता के चैम्बर में खोले जायेगे । सामग्री की क्वालिटी/वारन्टी/गारन्टी नियमानुसार निविदा प्रस्ताव में उल्लेख किया जावे । महवा के न्यायालय परिसर में सामग्री की आपूर्ति एवं इससे सम्बन्धित समस्त फिटिग निविदादाता द्वारा स्वयं के खर्चे पर महवा के न्यायालय परिसर जिला दौसा में की जावेगी। निविदा प्रस्ताव से सम्बन्धित शर्ते, नियम एवं अन्य जानकारी हेतु कार्यालय समय में लेखा शाखा जिला न्यायालय दौसा में सम्पर्क करे तथा विभाग की बेबसाईट https://dausa.dcourts.gov.in/ पर भी देखी जा सकती है । क्रय सम्बन्धी समस्त अधिकार क्रय समिति का होगा ।

क्रमांक	सामग्री का नाम	अनुमानित राशि
1	**R.O. PLANT CAPACITY 500 LTR PER HOUR** 1-VASSEL, JUMBO BOUL, HI PRESSURE PUMP, RAW WATER PUMP, 2- RAW WATER TANK 2000 LTR, 3- MINRAL WATER TANK 500 LTR 4- FITTING FOR WATER SUPPLY AND INLAET WATER 5- FULLY AUTOMATIC SENSOR CONTROLED	1,80,000/-

अतः जो कोई व्यक्ति/फर्म /अधिकृत विक्रेता उक्त कार्य करना चाहता है वह अपनी दरें समस्त करों सहित दिनांक 16-02-2024 को दोपहर 2.00 PM बजे तक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

नोट :–

1. स्वीकृत दरों के अलावा अन्य कोई भुगतान नहीं किया जावेगा । दरें कर सहित होगी।
2. दरों को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार क्रय समिति को होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
3. निविदा दाता को आपूर्ति किये गये सामान की गारण्टी/वारण्टी अवधि में रख–रखाव भी करना होगा।
4. सफल निविदादाता को नियमानुसार सिक्योरिटी राशि जमा करानी होगी एवं 500/– रूपये के नॉन –ज्यूडिसियल स्टाम्प पर करार पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. निविदा में मांगी गयी सामग्री का पूर्ण विवरण (साईज, मैक, स्पेशिफिकेशन आदि)देना होगा ।
6. **निविदा प्रस्ताव लिफाफे पर "आर ओ वाटर प्लान्ट के लिए प्रस्ताव" हेतु आवेदन लिखे।**

अध्यक्ष
क्रय समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय
दौसा

क्रमांकः लेखा/2023–24/1000 दिनांकः–30.01.2024

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय, जिला एवं सेशन न्यायालय दौसा।
2. प्रभारी अधिकारी, लेखा शाखा, जिला एवं सेशन न्यायालय दौसा ।
3. नोटिस बोर्ड कार्यालय हाजा जिला एवं सेशन न्यायालय दौसा।
4. नोटिस बोर्ड कार्यालय हाजा न्यायालय परिसर महवा जिला दौसा।
5. नोटिस बोर्ड जिला कलेक्ट्रेट,दौसा।
6. सार्वजनिक स्थान गॉधी तिराहा दौसा।
7. SPPP पोर्टल पर प्रकाशन हेतु।
8. सिस्टम ऑफिसर विभाग की वेबसाइट https://dausa.dcourts.gov.in/ पर अपलोड करने हेतु।

अध्यक्ष
क्रय समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय
दौसा

Scanned with CamScanner